क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन (म.प्र.)

Email ID- ktbuniv@gmail.com

क्रमांक/प्रशा./स्था./2024/....158 खरगोन, दिनांक 14/11/2024

निविदा आमंत्रण सूचना

1. विश्वविद्यालय में सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी, स्वीपर, भृत्य, चौकीदार, प्रायोगशाला परिचारक आदि चतुर्थ श्रेणी पदों हेतु एवं कम्प्यूटर आपरेटर, प्रयोगशाला तकनीशियन, सहायक ग्रेड-3 आदि तृतीय श्रेणी पदों हेतु रजिस्टर्ड आउटसोर्सेज एजेंसी से निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट शासकीय पी.जी. कॉलेज खरगोन की वेबसाईट http://govtpgcollegekhargone.org/tender पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
3. निविदा प्रस्तुत करने की इच्छुक एजेंसी निविदा पत्र सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक से दिनांक 25.11.2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें।
4. निविदा फॉर्म हेतु रू. 500/- की राशि विश्वविद्यालय के खाता क्रमांक 43447406550 IFSC Code- SBIN0030027 में जमा करें। एवं इसकी रसीद निविदा फार्म के साथ संलग्न करें। बिना रसीद के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकार निविदा भरकर हार्ड कॉपी कुलसचिव, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन को दिनांक 25.11.2024 तक डाक/स्पीड पोस्ट/ व्यक्तिशः प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के उपरांत डाक/स्पीड पोस्ट/ व्यक्तिशः द्वारा प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेंगा।

तकनिकी/वित्तिय निविदा दिनांक 26.11.2024 को दोपहर 3:00 बजे सहा. कुलसचिव, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय कक्ष में खोली जावेंगी।

कुलसचिव
क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय
खरगोन म.प्र.

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन (म.प्र.)

Email ID- ktbuniv@gmail.com

दिनांक ...14.11.2024

निविदा फार्म (नियम व शर्तें)

आउटसोर्स एजेंसी हेतु आवश्यक शर्तें :–

1. क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के शासकीय आउटसोर्स पदों के अंतर्गत एक वर्ष का अनुबंध किया जावेंगा, जिसे सेवा उत्तम होने पर अधिकतम 3 साल तक बढ़ाया जा सकता है।
2. एजेंसी रजिस्ट्रेशन की सत्यापित प्रतिलिपि एवं तीन वर्ष का शासकीय कार्यालयों में सेवा प्रदाय का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
3. (i) आधार कार्ड, (ii) पैन कार्ड एवं (iii) GST पंजीयन पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है।
4. जी.एस.टी. जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. संबंधित एजेंसी को 3 वर्ष का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिसमें तीन वर्षों में कुल 1 करोड़ का टर्न ओवर हो जो CA से प्रमाणित हो।
6. संबंधित एजेंसी को विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से पूर्व का श्रम विभाग खरगोन द्वारा जारी विज्ञप्तिकर्ता का खरगोन शहर में कार्यालय होने का पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होंगा।
7. निविदा फार्म हेतु रूपये 500/– की राशि क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के पक्ष में खाता क्रमांक 43447406550 IFSC Code- SBIN0030027 में जमा करें एवं इसकी रसीद निविदा फार्म के साथ संलग्न करें। बिना रसीद के निविदा पर विचार नहीं किया जायेंगा।
8. निविदा फार्म 2 सीलबंद लिफाफों में (क्रमशः पहले लिफाफे 'A' में निविदा फार्म शुल्क रसीद सहित समस्त आवश्यक दस्तावेज एवं दूसरे लिफाफे 'B' में केवल मजदूरी की दरें फाईनेंशियल बीड एवं सर्विस चार्ज) दिनांक 25.11.2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय में जमा करना सूनिश्चित करें।
9. पहले लिफाफे 'A' में आपके द्वारा भेजे गए दस्तावेज वैध होने पर ही दूसरा लिफाफा 'B' पृथक से खोला जायेगा।
10. प्राप्त निविदा फार्म दिनांक 26.11.2024 को सायं 3 बजे खोले जायेंगे।
11. निविदा स्वीकृत होने पर अनुबंध से पूर्व, एजेंसी एक माह के पारिश्रमिक के बराबर राशि की एफ. डी. जो संयुक्त रूप से कुलसचिव, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन तथा एजेंसी के नाम हो, जमा करना होगी।
12. चौकीदार की ड्यूटी रात्रिकालीन 12 घण्टे, सुरक्षागार्ड/माली/सफाईकर्मी/भृत्य की ड्यूटी 8 घण्टे व वाटरमेन की ड्यूटी 6 घण्टे की रहेगी।
13. वाटरमेन केवल परीक्षा अवधि तक कार्य हेतु उपलब्ध रहेंगे।
14. आवश्यक सफाई सामग्री विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेंगी।
15. सभी श्रमिकों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
16. एजेंसी के देयक से नियमानुसार आयकर/जी.एस.टी./सर्विस टेक्स कटौत्रा किया जावेगा।
17. संबंधित एजेंसी को कार्यालय कलेक्टर खरगोन द्वारा जारी अद्यतन अकुशल श्रमिक की दर अनुसार श्रमिकों को अधिकतम 26 दिवस का न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करना होगा। विशेष कार्य होने पर कुलसचिव, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन कार्यदिवस में वृद्धि कर सकते है।
18. संबंधित एजेंसी को शासन के नियमों का पालन करना होगा।
19. उक्त शर्तों का उल्लंघन होने पर अनुबंध कभी भी समाप्त कर देने का अधिकार कुलसचिव, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन को होगा।
20. निविदा को किन्ही कारणों से किसी भी स्तर पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कुलसचिव क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन को रहेंगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव
क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय
खरगोन (म.प्र.)

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन (म.प्र.)

Email ID- ktbuniv@gmail.com

दिनांक .....

निविदा फार्म की (फाईनेंशियल बीड)

निविदाकर्ता फर्म का पूरा नाम – .....

निविदाकर्ता का पूरा नाम – .....

पूरा पता मोबाईल नं. सहित – .....

.....

.....

कर्मचारी	दैनिक वेतन की दरे (शासन/कलेक्टर द्वारा निर्धारित)
1. तृतीय श्रेणी कर्मचारी	
1. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	
सर्विस चार्ज (:में)	.....

नोट :– "फाईनेंशियल बिड – B" अलग सीलबंद लिफाफे में भेजें। लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "फाईनेंशियल बिड – B" लिखा जावे।

निविदाकार्ता के हस्ताक्षर .....

फर्म की सील .....

मोबाईल नं. .....